# *Delhi Public School, Howrah*

## HALF YEARLY EXAMINATION (2024-2025)

## CLASS VIII

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

### SUBJECT :- HINDI 2ND LANGUAGE

**अवधि– 3 घंटे** **कुल अंक-80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **इस प्रश्न पत्र में 4 खंड हैं – खंड-क,खंड-ख, खंड-ग और खंड-घ।**
2. **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
3. **लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।**

**(खंड-क) (अपठित गद्यांश)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1X5)**

कहने को चाहे भारत में स्वशासन हो और भारतीयकरण का नारा हो, किंतु वास्तविकता में सब ओर आस्थाहीनता बढ़ती जा रही है। मंदिरों, मसजिदों, गुरुद्वारों या चर्च में बढ़ती भीड़ और प्रचार माध्यमों द्वारा मेलों और पर्वो के व्यापक कवरेज से आस्था के संदर्भ में कोई भ्रम मत पालिए; क्योंकि ये सब उसी प्रकार भ्रामक हैं, जैसे 'लगे रहो मुन्ना भाई की गांधीगिरी'।

वास्तविक जीवन में जिस आचरण की अपेक्षा व्यक्ति या समूह से की जाती है, उसकी झलक तक पाना मुश्किल हो गया है। गांधी को 'गिरी' के रूप में आँकने के सिनेमाई कथानक का कोई स्थायी प्रभाव हो भी नहीं सकता। फ़िल्म उतरी और प्रभाव चला गया। गांधी को बाह्य आवरण से समझने के कारण वर्षों से हम दो अक्तूबर और तीस जनवरी को कुछ आडंबर अवश्य करते चले आ रहे हैं, लेकिन जिन जीवन-मूल्यों के प्रति आस्थावान होने की हम सौगंध खाते हैं और उन्हें आचरण में उतारने का संकल्प व्यक्त करते हैं, उनका लेशमात्र प्रभाव भी हमारे आसपास के जीवन में प्रतीत नहीं होता। महात्मा गांधी के जीवन में दो मूल्यों के प्रति सबसे अधिक आग्रह और निष्ठा के दर्शन होते हैं। ये दो मूल्य हैं- सत्य और अहिंसा। कहने के लिए ये दो हैं, लेकिन वास्तव में उनके लिए ये एक ही मूल्य के दो पहलू थे। जो व्यक्ति सत्य पर टिका है वह अनिवार्यतः अहिंसक होगा, यह उनका मूल विश्वास था। धैर्य और संतोष इस अहिंसा की बुनियाद हैं। तभी तो अकबर इलाहाबादी ने लिखा था कि गांधी की सेना को हथियारों की ज़रूरत नहीं है। उसे ज़रूरत है तो सिर्फ़ सब्र और संतोष की। जीवन भर गांधी जी ने ब्रिटिश शासन के साथ इन्हीं हथियारों के सहारे संघर्ष किया और अंततः उसे परास्त किया।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

1. लेखक ने 'मुन्नाभाई की गांधीगिरी' की तुलना किससे की है?

(क) मंदिर-मसजिदों-गुरुद्वारों में बढ़ती भीड़ से (ख) प्रचार माध्यमों के व्यापक कवरेज से

(ग) आस्थाहीनता से (घ) भारतीयकरण से

2. मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारों में बढ़ती भीड़ के बावजूद लेखक ने लोगों को आस्थाहीन क्यों कहा है?

(क) वे इन पवित्र स्थानों पर कुछ पाने की लालसा लेकर जाते हैं।

(ख) जो ज़्यादा पाप करता है, वही मंदिर-मसजिद-गुरुद्वारा जाता है।

(ग) आस्थावान व्यक्ति के लिए तो प्रत्येक स्थान पर ईश्वर है, उसे मंदिर-मसजिद जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. 'फ़िल्म उतरी और प्रभाव चला गया।' लेखक किस फ़िल्म की बात कर रहे हैं?

(क) प्रत्येक फ़िल्म की (ख) जो फ़िल्में नहीं चल पातीं उनकी

(ग) मुन्नाभाई एम०बी०बी०एस० की (घ) इनमें से कोई नहीं

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

4. गांधी जी के प्रति सच्ची आस्था के स्थान पर लोग कौन-से आडंबर करते चले आ रहे हैं?

5. लेखक की दृष्टि में गांधी जी को लोगों ने किस रूप में समझा है तथा उसके क्या परिणाम हुए हैं?

## अपठित काव्यांश

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1X5=5)**

वह आता
दो टूक कलेजे के करता, पछताता,
पथ पर आता।
पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक, मुट्टी भर दाने को, भूख मिटाने को
मुँह फटी पुरानी झोली को फैलाता
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।
साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए, बाएँ से वे मलते हुए पेट को चलते,
और दाहिना दया-दृष्टि पाने की ओर बढ़ाए।
भूख से सूख ओठ जब जाते दाता-भाग्य विधाता से क्या पाते?
घूँट आँसुओं के पीकर रह जाते।
चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए,

और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए!
ठहरो! अहो मेरे हृदय में है अमृत, मैं सींच दूँगा।
अभिमन्यु जैसे हो सकोगे, तुम
तुम्हारे दुख मैं अपने हृदय में खींच लूँगा।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

1. कविता में किस पर व्यंग्य किया गया है?

(क) आर्थिक न्याय पर (ख) राजनीतिक सत्य पर
(ग) सामाजिक विषमता पर (घ) मध्यवर्गीय जीवन पर

2. भिखारी की इच्छा है-

(क) सोना पाने की (ख) पैसा पाने की
(ग) अनाज पाने की (घ) कपड़ा पाने की

3. भिखारी के बच्चों से कुत्ते क्यों होड़ करते हैं?

(क) जूठी पत्तल छीनने के लिए (ख) चिढ़ाने के लिए
(ग) लड़ने के लिए (घ) भागने के लिए

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

4. बच्चे आँसुओं के घूँट पीकर क्यों रह जा रहे हैं?

5. भूख-प्यास से आकुल-व्याकुल भिखारी और उसके बच्चे क्या करते हैं?

**(खंड-ख-व्याकरण)**

**3. निम्नलिखित वाक्य के आगे वाच्य का नाम लिखिए- (1x1=1)**

(क) 'राम द्वारा आम खाया जाता है।' यह वाक्य कौन-सा वाच्य है?

**4. निम्नलिखित अनेक शब्द के लिए एक शब्द लिखिए- (1x1=1)**

(क) जो पढ़ा लिखा न हो ।

**5. निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए- (1x1=1)**

(क) अचल -
अचला -

**6. वाक्य में प्रयुक्त निपात शब्द को रेखांकित कीजिए- (1x1=1)**

(क) मैं आज ही बरेली जा रहा हूँ ।

**7. वाक्य में प्रयुक्त क्रियाविशेषण शब्द को रेखांकित कीजिए- (1x1=1)**

(क) तनु जल्दी-जल्दी बोलती है ।

**8. निम्नलिखित शब्द-युग्मों के अर्थ लिखिए- (1x1=1)**

क) अनिवार्य -
आवश्यक -

**9. निम्न शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-** **(1X1=1)**

क) अश्व -

**10. निम्न शब्द के विलोम शब्द लिखिए ।** **(1X1=1)**

क) अस्त -

**11. निम्नलिखित वाक्यों में अधोरेखांकित शब्दों के कारक का नाम लिखिए-** **(1X2=2)**

क) **<u>पेड़ से</u>** पत्ता टूटा ।

ख) चाची **<u>चाकू से</u>** फल काटती है ।

**12. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूपों का तद्भव रूप लिखिए-** **(1×2=2)**

क) गृह - ख) नृत्य -

**13. निर्देशानुसार संधि पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

**1. सूची। को सूची ।। के साथ सुमेलित कीजिए।** **(1X3=3)**

| सूची। | सूची ।। |
|---|---|
| क) शयन | (I) गुण संधि |
| ख) अत्यधिक | (II) अयादि संधि |
| ग) परोपकार | (III) यण संधि |

**विकल्प**

(I) क - (III), ख - (I), ग - (II) (II) क - (I), ख - (II), ग - (III)

(III) क - (III), ख - (II), ग - (I) (IV) क - (II), ख - (III), ग - (I)

**<u>(खंड-ग- पाठ्यपुस्तक)</u>**

**14. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए-**

**(1X5=5)**

बस-कंपनी के एक हिस्सेदार भी उसी बस से जा रहे थे। हमने उनसे पूछा- "यह बस चलती भी है?" वह बोले-"चलती क्यों नहीं है जी! अभी चलेगी।" हमने कहा- "वही तो हम देखना चाहते हैं। अपने आप चलती है यह? हाँ जी, और कैसे चलेगी?"

गजब हो गया। ऐसी बस अपने आप चलती है। हम आगा-पीछा करने लगे। डॉक्टर मित्र ने कहा- "डरो मत, चलो! बस अनुभवी है। नयी-नवेली बसों से ज्यादा विश्वसनीय है। हमें बेटों की तरह प्यार से गोद में लेकर चलेगी।"

हम बैठ गए। जो छोड़ने आए थे, वे इस तरह देख रहे थे जैसे अंतिम विदाई दे रहे हैं। उनकी आँखें कह रही थीं- "आना-जाना तो लगा ही रहता है। आया है, सो जाएगा-राजा, रंक, फकीर। आदमी को कूच करने के लिए एक निमित्त चाहिए।"

1. लेखक और उसके मित्रों ने जब बस को देखा तो उन्हें कैसा महसूस हुआ?

(क) कि यह बस तो जल्दी पहुँचा देगी। (ख) कि यह बस चलेगी भी या नहीं

(ग) कि यह बस धीरे-धीरे चलेगी (घ) कि यह बस यात्रियों से ज्यादा ही भरी हुई है

2. डॉक्टर मित्र ने बस के बारे में क्या कहा?

(क) यह अनुभवी है हमें प्यार से अपनी गोद में बिठाएगी, कहीं धोखा नहीं देगी।

(ख) इस बस का तो इलाज करवाना चाहिए।

(ग) यह बस सवारियाँ लादने के काबिल नहीं।

(घ) यह बस गंतव्य तक नहीं पहुँच पाएगी।

3. बस पर चढ़ाने वाले लोग लेखक व उसके मित्रों को भावभीनी विदाई क्यों दे रहे थे?

(क) उन्हें लग रहा था कि अब उनका अंतिम समय पास है।

(ख) अब वे कभी लौट कर नहीं आएँगे।

(ग) वे अपने गंतव्य पर नहीं पहुँच पाएँगे।

(घ) उपर्युक्त सभी।

4. बस को किससे अधिक विश्वसनीय बताया जा रहा था?

(क) वृद्ध महिला से (ख) नई सुंदर बसों से

(ग) अन्य पुरानी बसों से (घ) इनमें से कोई नहीं

5. डॉक्टर मित्र के कथन में कौन-सा भाव छिपा था?

(क) आदर का (ख) सहानुभूति का

(ग) दयालुता का (घ) व्यंग्य का

**15. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए- (1X5=5)**

सीस पगा न झंगा तन में, प्रभु! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।
धोती फटी-सी लटी दुपटी, अरु पाँय उपानह को नहिं सामा।।
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकिसों बसुधा अभिरामा।
पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा।।

1.सुदामा कहाँ जा रहा है?

(क) जंगल में ईश्वर पूजन हेतु (ख) अपने मित्र कृष्ण के पास

(ग) अपनी पत्नी के गाँव (घ) गुरुमाता से मिलने।

2. सुदामा की दीन-दशा का वर्णन कीजिए।

(क) न सिर पर पगड़ी, न शरीर पर कुरता, फटी हुई धोती व अंग बस्त्र, न पैरों में जूते।

(ख) न मुकुट, न अंगरखा, न बाजे गाजे

(ग) न धन-दौलत, न घोड़े हाथी, न साज-सेना

(घ) इनमें से कोई नहीं।

3. कृष्ण द्वार पहुंचकर सुदामा चकित क्यों था?

(क) वह कृष्ण के महल व ठाठ बाट देखकर चकित था।

(ख) वह कृष्ण के द्वारपाल देखकर चकित था।

(ग) वह कृष्ण की नगरी देखकर चकित था।

(घ) दिए गए सभी।

4. सुदामा ने द्वारपाल से क्या कहा?

(क) सुदामा ने सबसे बड़े महल के बारे में पूछा।

(ख) सुदामा ने द्वारपाल को कृष्ण से मिलने को कहा और अपना नाम सुदामा बताया।

(ग) सुदामा ने सबको पकड़ पकड़ कर अपना नाम बताना चाहा।

(घ) दिए गए सभी।

5. 'उपानह' का क्या अर्थ है ?

(क) दरवाजा (ख) कुरता

(ग) जूते (घ) सुन्दरता

**16. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2X5=10)**

(क) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

(ख) वे कौन-कौन से कारण थे, जिनके कारण लेखक का बस से भरोसा उठ चुका था?

(ग) बदलू से मिलकर, आम खाकर लौटते समय लेखक की प्रसन्नता का क्या कारण था ?

(घ) 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ में लेखक का यह क्यों मानना है कि अच्छाई को उजा उजागर करना चाहिए?

(ङ) 'बस की यात्रा' पाठ में लेखक और उसके साथी खिड़की से दूर क्यों सरक गए?

(च) लेखक का मन क्यों बैठ जाता है? 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

**17. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2X5=10)**

(क) .'दीवानों की हस्ती' कविता के आधार पर दीवानों की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) अपने गाँव लौटने पर सुदामा के भ्रमित होने का कारण क्या था?

(ग) 'भगवान के डाकिए' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) द्वारपाल ने श्री कृष्ण को सुदामा के बारे में क्या बताया?

(ङ) 'दीवानों की हस्ती' कविता में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए।

(च) प्रकृति के विभिन्न अंग-पेड़-पौधे आदि ही भगवान की चिट्ठियों को क्यों पढ़ पाते हैं?

## <u>भारत की खोज</u>

**18. निम्नलिखित छह प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- (2X5=10)**

(क) हर्ष कौन था? भारतीय इतिहास में उसे क्यों याद किया जाता है?

(ख) अजंता की गुफ़ाओं की सुंदरता का वर्णन कीजिए।

(ग) सिंधु घाटी के समाप्त होने का कारण क्या माना गया है?

(घ) नदियों के बारे में नेहरू जी का क्या कहना है

(ङ) दिल्ली की तबाही के समय दक्षिण भारत की क्या स्थिति थी?

(च) अतीत के दबाव के बारे में नेहरू जी के क्या विचार थे?

**(खंड-घ- रचनात्मक लेखन)**

**19. दिए गये संकेत- बिंदुओं के आधार पर निम्न्लिखित विषयों पर लगभग 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** **(5X1=5)**

**(क) प्रकृति से खिलवाड़ न करें**

**संकेत-बिंदु** : • मनुष्य प्रकृति का प्रेमी है • मनुष्य और प्रकृति का अटूट संबंध • बढ़ता प्रदूषण प्रकृति का दुश्मन • प्रदूषण को नियंत्रित करना आवश्यक • प्रकृति की रक्षा मानव की सुरक्षा।

अथवा

**(ख) पुस्तकों से दोस्ती**

**संकेत-बिंदु** : पुस्तकों का महत्व • व्यक्ति के लिए पथप्रदर्शक • सामाजिक परिवर्तन में पुस्तकों की भूमिका ।

अथवा

**(ग) अनेकता में एकता-भारत देश**

**संकेत-बिंदु** : • सांस्कृतिक एकता का अर्थ • सांस्कृतिक विविधता • अनेकता में एकता का अर्थ • हमारे देश के पर्व और त्योहार एकता के संदेशवाहक।

**20.** गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं। उनकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए | **(5X1=5)**

अथवा

बड़े भाई के विवाह का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

**21.** आजकल महँगाई बढ़ती ही जा रही है। इससे परेशान दो महिलाओं की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। **(5X1=5)**

अथवा

बस कंडक्टर और यात्री के बीच संवाद लिखिए।